आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 19.11.2024

समय 1830

पहले मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए कल सुबह आठ बजे से शुरू होगा मतदान। निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कीं।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गैरसैंण के ऐतिहासिक गांव सारकोट को आदर्श गांव बनाने की घोषणा की।
- देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं के लिए पिथौरागढ़ जिले में प्रादेशिक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है।
- रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट कल शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

उपचुनाव

रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कल सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होगा। निर्वाचन आयोग ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वोटों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। ऋषिकेश में श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों को सफलता और विकास के लिए पांच संकल्प लेने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि हमेशा बड़े सपने और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करें। दूसरे संकल्प में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मनियंत्रण और अनुशासन को सदैव अपनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने तीसरे संकल्प के रूप

में विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी लक्ष्य प्राप्त करने या सफलता को पाने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करें। चौथा संकल्प, किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उस कार्य को मेहनत, लगन और पूर्ण पेशेवर तरीके से किया जाय और पांचवें संकल्प के रूप में विद्यार्थियों से कहा कि वे संचार कौशल को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करें। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान युग में डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने इन क्षेत्रों में कौशल विकसित करने और खुद को हमेशा अद्यतन रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर हम सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। समारोह में 21 हजार 230 स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियां और 81 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गये।

सीएम भ्रमण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गैरसैंण के ऐतिहासिक गांव सारकोट को आदर्श गांव बनाने और भराड़ीसैंण सारकोट सड़क का नाम शहीद वासुदेव सिंह के नाम पर करने की घोषणा की। भराड़ीसैंण दौरे के दौरान श्री धामी ने कहा कि महिला मंगल दल और स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग के लिए मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के विकास और संरक्षण के लिए जल्द भू कानून लाने का काम कर रही है। जिससे राज्यवासियों के अधिकारों का संरक्षण किया जा सकेगा।

प्रादेशिक सेना भर्ती रेली

पिथौरागढ़ जिले में प्रादेशिक सेना भर्ती रेली चल रही है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के युवा हिस्सा ले रहे हैं। आज पिथौरागढ़ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए एक अधिकारी ने बताया कि सेना द्वारा उत्तर प्रदेश के उम्मीदवारों के लिये 26 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2024 तक बिहार के दानापुर में भी भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के जो उम्मीदवार पिथौरागढ़ की भर्ती में किसी कारण से नही पहुंच पा रहे हैं वे दानापुर में होने वाली भर्ती में भी हिस्सा ले सकते हैं।

वायुसेना अभ्यास

उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर आज से वायुसेना का 11 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू हो गया है। यह अभ्यास कार्यक्रम 28 नवंबर तक चलेगा। आज वायुसेना ने बहुउद्देश्यीय परिवहन विमान एएन–32 की लैंडिंग और टेकऑफ का अभ्यास किया। गौरतलब है कि सीमांत जिला उत्तरकाशी की

सीमा चीन सीमा से सटी हुई है। इसलिए उत्तरकाशी का चिन्यालीसौड़ एयरपोर्ट वायुसेना के लिए सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि वायुसेना पिछले कुछ समय से इस हवाई अड्डे को एडवांस लैंडिंग ग्राउंड के तौर पर विकसित करने पर काम कर रही है। इसी के चलते वायुसेना समय–समय पर यहां अपने बहुउद्देश्यीय विमानों के साथ ही हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग और टेकऑफ का अभ्यास करती है।

केन्द्रीय राज्य मंत्री

केन्द्रीय विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कहा है कि उधमसिंह नगर जिला ''वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल'' का उत्कृष्ट उदाहरण है। आज रुद्रपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के वर्तमान आंकड़े काफी प्रभावशाली हैं और जिला निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उधमसिंह नगर आकांक्षी जिलों की श्रेणी से विकसित जिलों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।

विश्व शौचालय दिवस

विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर बागेश्वर और टिहरी में ''हमारा शौचालय, हमारा सम्मान'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नई टिहरी में जिला जल और स्वच्छता मिशन की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य शौचालय विहीन परिवारों को चिन्हित कर लाभार्थियों को शौचालय के उपयोग के प्रति जागरूक करना है। विकासखंड नरेंद्रनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताछला की प्रधान मंजू कोठियाल ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत को स्वच्छता के तहत ओडीएफ और व्यक्तिगत शौचालय के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले की 7 ग्राम पंचायतों को सामुदायिक शौचालय और 20 लोगों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए गए। साथ ही खुले में शौच मुक्त के तहत अच्छा कार्य करने पर 8 ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मद्महेश्वर के कपाट

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट कल विधि–विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति व हक–हकूकधारियों ने कपाट बंद करने की सभी तैयारियां पूरी कर दी हैं। इस वर्ष अब तक 17 हजार से अधिक श्रद्धालु मद्महेश्वर धाम

के दर्शन कर चुके हैं। ग्राम पंचायत गौंडार के ग्राम प्रधान वीर सिंह पंवार ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से स्थानीय स्तर पर आजीविका को भी बल मिला है।

## महिला सशक्तिकरण

उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश, मातृशक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह ने देहरादून में मुलाकात के दौरान ये निर्णय लिया। इस दौरान दोनों राज्यों के महिला आयोग की अध्यक्षों ने मातृशक्ति के हित में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की और महिला सशक्तिकरण के लिए एक–दूसरे के साथ विचारों का आदान–प्रदान किया।